खेल

सार समाचार

विश्व कप में हार के बावजूद फ्रांस में टीम का नायकों जैसा स्वागत

पेरिस,एपी। विश्वकप के अब तक के सबसे रोमांचक फाइनल में हारने के बावजूद फ्रांस की टीम जब स्वदेश पहुंची तो सेंट्रल पेरिस में हजारों समर्थकों ने उनका नायकों जैसा स्वागत किया। काइलियन एमबापे और उनके साथी स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे दोहा से चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उतरे। खिलाड़ी उदास होकर विमान से बाहर निकले लेकिन हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने उनका 'थैंक यू' और 'पेरिस लव यू' जैसे साइन बोर्ड से स्वागत किया। टीम ने हालांकि इस पर खास ध्यान नहीं दिया। अर्जेंटीना के हाथों फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण खिलाड़ियों के चेहरों पर अब भी उदासी साफ नजर आ रही थी। वे हवाई अड्डे से बसों में सवार होकर प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड पहुंचे जहां हजारों समर्थक उनका इंतजार कर रहे थे। समर्थकों के उत्साह को देखकर टीम का भी उत्साह लौट गया। इसके विपरीत फ्रांस जब 2018 में रूस से खिताब जीतकर लौटा था तो तब टीम की चैंप्स-एलिसीज में इस तरह की परेड नहीं हुई थी। समर्थकों के लिए हालांकि स्वागत स्थल मायने नहीं रखता था क्योंकि वह सर्दियों की सर्द शाम के बावजूद टीम का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। जब खिलाड़ी और कोच डिडिएर डेसचैम्प्स होटल डी क्रिलॉन की बालकनी में आए तो समर्थकों ने ध्वज लहराकर और 'ला मार्सिलाइज' गाकर उनका स्वागत किया।

दर्शकों के शोर से सामंजस्य बिठाने में थोड़ा समय लगा: गार्डनर

मुंबई,भाषा। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी एशलीग गार्डनर कहा कि भारत के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला के दौरान स्टेडियम में दर्शकों के उत्साहजनक शोर ने उनकी टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का अतिरिक्त दबाव डाला लेकिन मैचों के आगे बढ़ने के साथ वे इसके अभ्यस्त हो गये। गार्डनर ने इस श्रृंखला में गेंद और बल्ले से शानदार योगदान दिया जिससे उनकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।

गार्डन ने '100 प्रतिशत क्रिकेट' पॉडकास्ट पर कहा,इस माहौल का अभ्यस्त होने में काफी काफी समय लगता है। उन्होंने कहा,दर्शक जब हर गेंद पर प्रतिद्वंद्वी टीम की हौसलाअफजाई कर रहे होते हैं तो कई बार आपका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है। प्रशंसक जब डॉट गेंद के बाद भी उनके समर्थन में शोर करते है तो लगता कि उनकी टीम खेल के शीर्ष पर है। उन्होंने कहा,जब हम समझ गये कि वे प्रतिद्वंद्वी टीम की हौसलाअफजाई कर रहे हैं तब हमने भावनाओं को पीछे छोड़कर इससे सामंजस्य बिठाने पर ध्यान दिया। दर्शक बहुत अधिक शोर मचा रहे थे लेकिन हमने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला किया।

सात्विक-चिराग करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गई जबकि एचएस प्रणय ने शीर्ष 10 पुरुष एकल खिलाड़ियों में वापसी की। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस साल शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओपन सुपर 500 और फ्रेंच ओपन सुपर 750 के रूप में दो विश्व टूर खिताब जीते। इस जोड़ी ने इसके साथ ही राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। इस सफलता का असर इन दोनों की रैंकिंग में भी दिखा है और

यह जोड़ी दो स्थान के फायदे के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। इस जोड़ी के 15 टूर्नामेंट में 75,806 रेटिंग अंक हैं।

प्रणय ने भी एक बार फिर शीर्ष 10 खिलाड़ियों में वापसी की है। साल की शुरुआत दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी के रूप में करने वाले प्रणय अब नौवीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। केरल के 30 साल के प्रणय ने 2022 में सात बार क्वार्टर फाइनल, दो बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में जगह बनाई। प्रणय ने बैंकॉक में थॉमस कप में भारत के ऐ तिहासिक स्वर्ण पदक अभियान में भी अहम भूमिका निभाई थी लेकिन कोई व्यक्तिगत खिताब नहीं जीत पाए। वह हालांकि सत्र में निरंतर प्रदर्शन के दम पर सत्रांत होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे और उन्हें बीडब्ल्यूएफ के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया।

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन सातवें स्थान के साथ पुरुष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी है जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत एक स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल में छठे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री गोपचंद और त्रिशा जॉली की महिला युगल जोड़ी दो स्थान के फायदे के साथ विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर पहुंच गई है। मिश्रित युगल में इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो तीन स्थान के फायदे से 21वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

ढाका ■ भाषा/डेस्क

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अंगूठे की चोट से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। टेस्ट श्रृंखला से पहले खेली गयी एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका बायां अंगूठा चोटिल हो गया था। भारतीय टीम एकदिवसीय श्रृंखला 1-2 से हार गयी थी।

रोहित चोट के उपचार के लिए मुंबई पहुंच गये थे और वह बीसीसीआई की चिकित्सा समिति की निगरानी में है।

रोहित के अलावा तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मैच से बाहर हो गये हैं। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक,चिकित्सा दल का मानना है कि भारतीय कप्तान को अपनी पूर्ण फिटनेस के साथ बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण करने के लिए कुछ और समय चाहिये। वह अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उन्होने कहा,नवदीप सैनी भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज अब अपनी चोट के आगे के प्रबंधन के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) जायेंगे।

इंग्लैंड ने पाकिस्तान का 3-0 से सूपड़ा साफ किया

पाकिस्तान को आठ विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

कराची ■ एपी/डेस्क

इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।इंग्लैंड ने सुबह जब अपनी पारी शुरू की तो उसे जीत के लिए केवल 55 रन की दरकार थी। उसने 38 मिनट में ही अपना स्कोर दो विकेट पर 170 रन पर पहुंचा कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

यह पहला अवसर है जबकि पाकिस्तान को अपनी धरती पर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के 18 वर्षीय रेहान अहमद (48 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से पाकिस्तान दूसरी पारी में 216 रन पर आउट हो गया था और उसने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 167 रन का लक्ष्य रखा था।

बेन डकेट ने 50 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और वहां 78 गेंदों पर 82 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ कप्तान बेन स्टोक्स 35 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह से इंग्लैंड ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में एक दिन से भी अधिक का समय शेष रहते हुए जीत दर्ज की।

पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद दो टेस्ट मैचों में 18 विकेट हासिल कर देते लेकिन जब इंग्लैंड लक्ष्य से 19 रन दूर था तब आगा सलमान ने उनकी गेंद पर स्टोक्स का मुश्किल के छोड़ दिया था।

इंग्लैंड ने रावलपिंडी की सपाट पिच पर पहला टेस्ट मैच 74 रन से जीता था जबकि मुल्तान में दूसरा टेस्ट उसने 24 रन से जीत कर अजेय बढ़त हासिल की थी।

नेशनल स्टेडियम को पाकिस्तान का किला माना जाता है लेकिन रेहान बट ने तीसरे दिन शानदार गेंदबाजी करके इसमें सेंध लगाई जबकि जॉक क्राउली (41) ने डकेट के साथ मिलकर तेजतर्रार शुरुआत की और तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 112 रन तक पहुंचाया।

नेशनल स्टेडियम में खेले गए 45 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की यह केवल तीसरी और पिछले 15 वर्षों में पहली हार है। इंग्लैंड पहली टीम था जिसने 2000 में पाकिस्तान को यहां टेस्ट मैच में हराया था। इसके सात साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने नेशनल स्टेडियम में जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान ने घरेलू धरती पर लगातार चौथा टेस्ट मैच गंवाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उसे दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में पराजित करके 1-0 से श्रृंखला जीती थी।

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 304 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 354 रन बनाकर पहली पारी में 50 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये के कारण इस श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया। उसके बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने तीनों टेस्ट मैच में शतक जमाए। उन्होंने तीन मैचों में 468 रन बनाए तथा उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

रिचा घोष महिला टी20 रैंकिंग में चार पायदान आगे बढ़ी

दुबई ■ भाषा/डेस्क

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाने वाली भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान आगे बढ़कर 40वें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की ही दीप्ति शर्मा रैंकिंग के साप्ताहिक अपडेट के बाद एक पायदान ऊपर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एशलीग गार्डनर ने भी शनिवार को चौथे मैच में अपनी टीम को सात रन से जीत दिला कर पांच मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त दिलाने में अहम योगदान देने पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

गार्डनर ने इस मैच में 42 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए थे। वह बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों की सूची में हालांकि उन्होंने नौ पायदान की छलांग लगाई है और वह 17वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही हैं। वह ऑलराउंडरों की सूची में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई।

इस साप्ताहिक अपडेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के तीसरे और चौथे मैच तथा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के दूसरे, तीसरे और चौथे मैच को शामिल किया गया।

फुटबॉल

अर्जेन्टीना की टीम का हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत

ब्यूनस आयर्स ■ एपी/डेस्क

विश्व कप के अब तक के सबसे रोमांचक फाइनल में से एक में जीत दर्ज करने के बाद खिताब के साथ वापस लौटी अर्जेन्टीना की चैंपियन फुटबॉल टीम की एक झलक पाने के लिए हजारों लोग तड़के हवाई अड्डे पर जुटे और टीम का जोरदार स्वागत किया। कप्तान लियोनल मेस्सी की अगुआई में अर्जेन्टीना की राजधानी के ठीक बाहर इजेइजा में तड़के तीन बजे विमान से उतरने पर टीम का प्रशंसकों ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया। इस दौरान टीम के लिए 'रेड कारपेट' बिछाया गया था।

विमान से सबसे पहले मेस्सी विश्व कप ट्रॉफी थामे हुए कोच लियोनल स्केलोनी के साथ उतरे जिन्होंने कप्तान के कंधे पर हाथ रखा हुआ था। ये दोनों इसके बाद एक बैनर के करीब से उतरे जिस पर लिखा था 'धन्यवाद, चैंपियन्स'। खिलाड़ियों का स्वागत रॉक बैंड ला मोस्का ने 'मुचाचोस' गाते हुए किया। यह गाना एक प्रशंसक ने बैंड के एक पुराने गीत की धुन पर लिखा था और कतर में विश्व कप में अर्जेंटीना के प्रशंसकों के लिए टीम का एक लोकप्रिय अनौपचारिक गीत बन गया था।

विश्व चैंपियन टीम के सदस्य इसके बाद ऊपर से खुली बस में सवार हुए और मेस्सी सहित कई खिलाड़ियों को 'मुचाचोस' को गाते देखा गया जबकि वे अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के मुख्यालय तक की यात्रा करने के लिए सभी का इंतजार कर रहे थे। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक हाईवे पर जुटे थे और अर्जेन्टीना के ध्वज को लहरा रहे थे जिसके कारण बस काफी धीमी गति से चल रही थी। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने का पूरा प्रयास किया।

हवाई अड्डे से एएफए मुख्यालय तक लगभग 11 किलोमीटर की यात्रा करने में बस को लगभग एक घंटे का समय लगा जहां खिलाड़ियों का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया।

स्टोक्स यहां से और बेहतर ही होंगे: मैकुलम

कराची,भाषा। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ करने के बाद मंगलवार को यहां कप्तान बेन स्टोक्स के नेतृत्व कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि वह और बेहतर होंगे। न्यूजीलैंड के इस पूर्व बल्लेबाज को इंग्लैंड के रवैये में आमूलचूल परिवर्तन लाने का श्रेय दिया जा रहा है जिससे टीम ने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन कर पाकिस्तान में श्रृंखला अपने नाम की।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव का तेजतर्रार अर्धशतक

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

सूर्यकुमार यादव ने लगभग तीन साल में अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेलते हुए 80 गेंद में 90 रन की पारी खेली जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे और यशस्वी जायसवाल ने शतक जड़े जिससे मुंबई ने मंगलवार को यहां हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 396 रन बनाए। पिछले 12 महीने में सीमित ओवरों के प्रारूप में संभवतः भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सूर्यकुमार ने लाल गेंद के क्रिकेट में भी उसी आक्रामकता का नजारा पेश किया जिसके लिए वह छोटे प्रारूपों में जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और एक छक्का मारा।

पिछला प्रथम श्रेणी मैच फरवरी 2020 में खेलने वाले सूर्यकुमार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा कई बार जाहिर कर चुके हैं।

संतोष ट्राफी: नीरज भंडारी दिल्ली टीम के कप्तान नियुक्त

नई दिल्ली,संवादसूत्र। गढ़वाल एफसी के रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी नीरज भंडारी को 76वीं संतोष ट्राफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली दिल्ली टीम की कप्तानी सौंपी गई है। आज यहां छह सदस्यीय चयन समिति द्वारा चुनी गई टीम की घोषणा करते हुए समिति के चेयरमैन नागेंद्र सिंह ने 22 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए कहा कि मेजबान टीम का चयन सभी सदस्यों और कोचों की एकराय के आधार पर किया गया हैं। चयनसमिति के कन्वीनर आनंद डबास; सदस्यों नईम, धनवीर रावत, सुनील दत्त, और राम सिंह तथा कोचों साबिर, अजय कुमार, संदीप ढोले और राजेश आर्य ने एकराय से टीम का चयन किया। उल्लेखनीय है कि संतोष ट्राफी के ग्रुप एक का आयोजन 23से 31 दिसंबर तक डाक्टर अंबेडकर स्टेडियम और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पर किया जाना है। मेजबान दिल्ली अपने सभी मैच अंबेडकर स्टेडियम पर खेलेगी। दिल्ली के अलावा कर्नाटक, उत्तराखंड, गुजरात, त्रिपुरा और लद्दाख भाग लेने वाली टीमों में शामिल हैं।दिल्ली अपने अभियान की शुरुआत त्रिपुरा के विरुद्ध खेल कर करेगी।

आईसीसी ने गाबा की पिच को औसत से कमतर आंका

ब्रिसबेन,भाषा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट क्रिकेट मैच दो दिन के अंदर समाप्त होने के बाद मंगलवार को गाबा की पिच को औसत से कम रेटिंग दी। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच छह विकेट से जीता।

कार्यालय नगर परिषद, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक :— नपभी / रोशनी / 2022—23 / 16941—44 दिनांक :— 15.12.2022

-: खुली प्रतियोगी बोली सूचना :-

नगर परिषद भीलवाड़ा द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु विद्युत श्रैणी EWSD में उपयुक्त श्रेणी पंजीकृत संवेदको से दिनांक 27.12.2022 को प्रातः 12.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उक्त दिनांक को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा फार्म दिनांक 27.12.2022 को प्रातः 11.00 बजे तक कार्य दिवस में विक्रय किये जावेंगे। अमानत राशि का बैक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक जमा कराना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में निविदा मान्य नही होगी। उक्त दिनांक को अवकाश होने पर उक्त कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को सम्पन्न की जा सकेगी। निविदा स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है। विस्तृत जानकारी website www.sppp.rajasthan.gov.in & www.bhilwaranagarparishad.org पर उपलब्ध है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनु0 लागत	धरोहर राशि	अवधि	निविदा शुल्क
1.	Electrification Work in Municipal Council Area Bhilwara.	274000 / —	5480 / —	1 माह	200 / —

NIB Code : DLB2223A7108 & UBN No. DLB2223WSOB22801

राज.संवाद / सी / 22 / 12030 आयुक्त, नगर परिषद, भीलवाड़ा

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN: L74999RJ1992PLC013387

पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019, दूरभाष: 011-27674615

ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com | वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **टाइटन बायोटेक लिमिटेड** के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरो की सं.
1.	सूर्य आर चंद्रराजू कोट्टापल्ली 0017963	4773- 4777	476571- 477070	500

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए, जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 20-12-2022
स्थान : दिल्ली